



## वह दिव्यांग क्रिकेटर, जिसका खेल देख पिघला क्रिकेट के भगवान सचिन का दिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंडुलकर ने एक विडियो ट्विटर पर शेयर किया है। इसके साथ ही उन्होंने मार्मिक संदेश भी लिखा है। विडिया एक दिव्यांग क्रिकेटर का है, जिसके दोनों पैर लकवाग्रस्त हैं। बावजूद इसके वह विकेट पर घुटनों के बल खड़ा होता है और गेंद पर कड़ा प्रहार करता है। बात यहीं खत्म नहीं होती। वह शॉट लगाने के बाद घुटनों के बल घिसटते हुए दूसरे छोर तक पहुंचता है और खुद को रन आउट होने से बचाता है।

**लिखा इमोशनल मेसेजः** दरअसल, इस दिव्यांग युवा क्रिकेटर का नाम मड्डा राम है और सचिन ने उनसे प्रेरणा लेने को कहा है। मास्टर ब्लास्टर ने भावुक मेसेज में लिखा, 2020 की शुरुआत इस प्रेरणादायक विडियो से कीजिए, जिसमें यह बच्चा मड्डा राम अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट खेल रहा है। यह मेरे दिल को छू गया। उम्मीद है कि इसने आपके दिल को भी छुआ होगा।

**फैन्स की जबरदस्त प्रतिक्रियाः** इस विडियो पर फैन्स ने जबरदस्त प्रतिक्रिया दी है। एक यूजर ने लिखा– दिल में जज्बा और होंठों पर ष्सचिनष हो तो क्या मुमकिन नहीं! दूसरी ओर, एक अन्य यूजर ने मड्डा राम की तारीफ करते हुए लिखा–हार तब होती है जब मान ली जाती है, जीत तब होती है जब ठान ली जाती है।

# कप्तान विराट कोहली हर दिन सुधार कर रहेः कोच रवि शास्त्री

### कप्तान और खिलाड़ी के रूप में विराट हर दिन अपने आप में सुधार कर रहे है

**क्रिकेट**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। वर्ष 2019 खत्म हो गया और अब 2020 आ चुका है। यह साल क्रिकेट के लिए अहम है, क्योंकि इसी साल टी–20 विश्व कप होना है। कप्तान विराट कोहली और कोच रवि शास्त्री के मार्गदर्शन में भारतीय टीम ने अपनी इस साल की प्राथमिकताएं तय कर ली हैं। खेल का लंबा प्रारूप यानी टेस्ट इन दोनों के दिल के करीब है, साथ ही विदेशी जमीन पर जीतना भी लक्ष्य की सूची में है।

इस नए दशक की शुरुआत में शास्त्री ने कोहली के टेस्ट क्रिकेट के प्रति प्यार और तमाम अन्य बिंदुओं पर बात की। उस समय जब कई खिलाड़ी पैसों की बरसात करने वाली अलग–अलग देशों की टी–20 लीगों में खेलना पसंद करते हैं वहीं कोहली कहते हैं कि असल



चुनौती टेस्ट में है। जब कप्तान टेस्ट में बेस्ट बनने की जुगत में हो तो एक कोच के तौर पर कैसा महूसस करते हैं? और क्या इसका युवाओं पर कोई असर है? इस पर शास्त्री ने कहा, 'बहुत बड़ा... सिर्फ भारतीय क्रिकेट पर ही नहीं, बल्कि जब टेस्ट क्रिकेट की बात आती है तो पूरे विश्व पर।

किसी भी चीज से ज्यादा जब एक खिलाड़ी मुखर रूप से टेस्ट क्रिकेट का प्रचार–प्रसार करता है। साफ तौर पर कहता है कि वह टेस्ट क्रिकेट को पसंद करता है और इसका लुत्फ उठाता है।'

**विदेश में चमकेगी टीम इंडिया, क्योंकि...**उन्होंने कहा, 'इसलिए जब एक बच्चा मैच देख रहा होगा, जब वह देखेगा कि एक सुपर स्टार टेस्ट को पसंद करता है, आप उसका अनुसरण करना चाहेंगे चाहे वह भारतीय हो, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, श्रीलंका चाहे कहीं का हो।' कोहली और शास्त्री को अपना बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण देखकर लगा कि यह टीम खेल के लंबे प्रारूप में शीर्ष टीम बन सकती है। भारत को अब नए साल में न्यू जीलैंड का दौरा करना है और कोच को लगता है कि एक बार फिर जसप्रीत बुमराह के नेतृत्व वाले आक्रमण के पास विदेशी किला फतह करने का मौका है।

**गेंदबाजी की तारीफ कीः** शास्त्री से जब पूछा गया कि उन्हें कब यह अहसास हुआ कि यह गेंदबाजी ग्रुप भारत को शीर्ष पायदान पर ले जा सकता है? इस पर कोच ने सकारात्मक जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'बिल्कुल... इसमें कोई सवाल ही नहीं है। दक्षिण अफ्रीका में केप टाउन में खेले गए पहले टेस्ट मैच के बाद टीम की बैठक में मैं बिल्कुल स्पष्ट था। इसके बाद देखा कि उन्होंने दूसरी पारी में क्या किया।

# गर्लफ्रेंड का फोटो डाल भारतीय खिलाड़ी हार्दिक पंड्या बोले, पटाखा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। टीम इंडिया के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या भले इन दिनों चोट के चलते टीम इंडिया से बाहर चल रहे हों। लेकिन सोशल मीडिया के जरिए वह अपने फैन्स से हमेशा कनेक्ट रहते हैं। इस साल की शुरुआत हार्दिक ने अपनी गर्लफ्रेंड नताशा स्टैनकोविक के साथ की और इस बात को उन्होंने बड़े ही दिलचस्प अंदाज में अपने फैन्स के साथ शेयर किया। हार्दिक ने नाताश स्टैनकोविक के साथ अपनी एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा, साल की शुरुआत अपने फायरवर्क (पटाखा) के साथ कर रहा हूं।

हार्दिक की इस प्यारी सी तस्वीर को फैन्स सोशल मीडिया पर



खूब पसंद कर रहे हैं और इस कपल को हमेशा साथ रहने के लिए विश कर रहे हैं। इस कपल को शुभकामनाएं देने वाले फैन्स की इस फेहरिस्त में हार्दिक के दो फैन और भी खास हैं। ये दो फैन हार्दिक पंड्या की साथी क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और केएल राहुल हैं।

मीडिया में आईं कई रिपोट्स के मुताबिक हार्दिक और नाताशा एक–दूसरे को काफी समय से डेट कर रहे हैं और दोनों शादी के बंधन में भी बंधने की तैयारी कर रहे हैं। हार्दिक और स्टैनकोविक सीरियस रिलेशनशिप में हैं और जूनियर पंड्या उन्हें अपने परिवारवालों से भी मिला चुके हैं।

अगस्त में दोस्तों संग हुई पार्टी में तब हार्दिक ने अपने दोस्तो और भाई क्रुणाल पंड्या के साथ भाभी पंखुड़ी शर्मा से जब मिलाया था तो उन्होंने नताशा को अपनी गर्लफ्रेंड कहकर उनका परिचय सभी से कराया था।

बता दें मूल रूप से सर्बिया की रहने वालीं नताशा ने नच बलिए में भाग लिया था। 2010 में स्पोर्ट्स सर्बिया का खिताब जीतने के बाद उन्होंने खेल के क्षेत्र में ही करियर बनाने का फैसला किया। हार्दिक पंड्या इन दिनों पीठ की चोट से उबर रहे हैं।

## श्रीलंकाई थल सेना के गाजाबा रेजिमेंट में शामिल हुए थिसारा परेरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। श्रीलंका क्रिकेट टीम के हरफनमौला खिलाड़ी थिसारा परेरा श्रीलंकाई थल सेना में शामिल हो गए हैं। परेरा ने मेजर पद पर गाजाबा रेजिमेंट जॉइन किया है। 30 साल के परेरा ने इस खबर की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल शिवेंद्र सिल्वा के आमंत्रण पर उन्होंने सेना ज्वाइन किया है। कोलम्बो गैजेट की रिपोर्ट के मुताबिक परेरा को गाजाबा रेजीमेंट में मेजर पद पर नियुक्ति मिली है। उन्हें औपचारिक तौर पर श्रीलंका आर्मी वॉलंटियर फोर्स में शामिल कर लिया गया है। पूर्व कप्तान दिनेश चांडीमल ने भी इस साल की शुरुआत में श्रीलंका आर्मी वालंटियर फोर्स ज्वाइन किया था। उन्होंने आर्मी क्रिकेट टीम से खेलने के लिए यह प्रस्ताव स्वीकार किया था।

30 साल के परेरा ने श्रीलंका के लिए छह टेस्ट, 161 वनडे और 79 टी–20 मैच खेले हैं। टेस्ट में उन्होंने 203, वनडे में 2210 और टी–20 में 1169 रन बनाए हैं। इन तीन फॉरमेट्स में परेरा ने क्रमशरू 11, 171 और 51 विकेट लिए हैं। बता दें कि इसी तरह भारत में पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंडुलकर एयर फोर्स में मानद ग्रुप कैप्टन हैं तो पूर्व कप्तान एमएस धोनी लेफ्टिनेंट कर्नल हैं।

## न्यूज डायरी



### विराट कोहली को याद आए यू19 विश्व कप के दिन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अंडर 19 विश्व कप 2008 में भले ही भारतीय टीम और युवा विराट कोहली का बोलबाला रहा हो, लेकिन भारतीय कप्तान ने न्यू जीलैंड के केन विलियमसन को उस टूर्नमेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी करार दिया। कोहली की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने विलियमसन की न्यू जीलैंड टीम को सेमीफाइनल में हराया था। उस टीम में रविंद्र जडेजा, ट्रेंट बोल्ट और टिम साउदी जैसे खिलाड़ी भी थे। कोहली ने आईसीसी की विज्ञप्ति में कहा, 'मुझे याद है जब केन के खिलाफ खेला था। वह टीम में सबसे अलग था और उसका बल्लेबाजी कौशल भी सबसे जुदा था। उस समय केन के अलावा स्टीव स्मिथ भी अपनी टीम के लिए खेल रहे थे।' उन्होंने कहा, 'आईसीसी अंडर 19 विश्व कप मेरे करियर का अहम पड़ाव था।' उन्होंने कहा, 'इससे हमें आगे बढ़ने के लिए अच्छी नींव मिली। मेरे दिल और दिमाग में इसकी खास जगह है।'

### पाकिस्तान की उम्मीदों का झटका, नहीं खेलेगा अहम गेंदबाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान ने तेज गेंदबाज नसीम शाह को अंडर 19 विश्व कप टीम से यह कहकर वापस बुला लिया कि अब वह सीनियर स्तर पर खेलने के लिए तैयार है। हाल ही में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले शाह की जगह खायबर पख्तूनख्वा के मोहम्मद वसीम जूनियर को शामिल किया गया। नसीम को जूनियर टीम के मुख्य कोच एजाज अहमद के कहने पर अंडर 19 टीम में शामिल किया गया था। मुख्य कोच मिसबाह उल हक और गेंदबाजी कोच वकार युनूस का मानना है कि उसे जूनियर टीम से हटा लेना चाहिये। पीसीबी के सीईओ वसीम खान ने एक बयान में कहा, 'नसीम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी उपयोगिता साबित कर दी है। यही वजह है कि पीसीबी ने उन्हें अगले साल होने वाले जूनियर विश्व कप की टीम से हटाने का फैसला किया है।' जूनियर विश्व कप 17 जनवरी से 9 फरवरी तक दक्षिण अफ्रीका में खेला जाएगा।

### गर्भवती ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर को सैलरी के साथ एक साल की छुट्टी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। कामकाजी महिलाएं अक्सर इस डर में जीती हैं कि मां बनने पर उन्हें बड़ा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। कई बार महिलाओं को प्रेग्नेंसी में नौकरी छोड़नी पड़ती है। खिलाड़ियों की बात करें तो कई मामलों में वे एक साल तक खेल से दूर हो जाती हैं। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट बोर्ड ने नजीर पेश की है। उसने अपनी महिला क्रिकेटर्स को 12 महीने का वेतन सहित मातृत्व अवकाश देना शुरू किया है। सीनियर क्रिकेटर जेस डफिन इस पॉलिसी का फायदा पाने वाली पहली क्रिकेटर बनी हैं। उन्हें इस छुट्टी के दौरान पूरा वेतन और अगली गर्मियों में नया कॉन्ट्रैक्ट मिलेगा। जेस चाहें तो बच्चे को जन्म देने से पहले तक ऐसी भूमिका स्वीकार सकती हैं, जिसमें क्रिकेट न खेलना पड़े। जेस डफिन 21 फरवरी से ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी 20 वर्ल्ड कप के लिए दावेदारी पेश कर रही थीं। उन्होंने हाल ही में घरेलू टी–20 लीग में मेलबर्न टीम की कप्तानी की थी।

### तोक्यो ओलंपिक फाइनल खेल सकते हैं: हाकी कप्तान मनप्रीत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। भारतीय हाकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह का मानना है कि भारतीय टीम तोक्यो ओलंपिक में फाइनल तक पहुंच सकती है बशर्ते अनुशासन के साथ लगातार अच्छा प्रदर्शन करती रहे। भारतीय टीम विश्व कप 2018 में क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गई थी। भारतीय टीम ने उसके बाद से आस्ट्रेलियाई कोच ग्राहम रीड के मार्गदर्शन में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। मनप्रीत ने कहा कि पिछला साल टीम के लिये अच्छा रहा हालांकि शीर्ष स्तर पर ज्यादा खेलने का मौका नहीं मिला। उन्होंने कहा ,'' 2019 अच्छा रहा। हम शुरूआत में पांचवें स्थान पर थे और उसे बरकरार रखने में कामयाब रहे । हमारा लक्ष्य ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करना था और नये कोच के साथ हम ऐसा कर पाये।'' मनप्रीत ने कहा ,'' उसके लिये हमने पूरे साल अच्छा प्रदर्शन किया।''